# आज से बदल जायेगा रांची मंडल से खुलनेवाली गाड़ियों का समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रेलवे की बुनियादी सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। हाल के दिनों में इन विकास कार्यों के परिणामस्वरूप विभिन्न महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए ट्रेनों के संचालन की समीक्षा के पश्चात रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनों की रांची-हटिया स्टेशन से प्रस्थान-आगमन समय में एक जनवरी 2025 से परिवर्तन किया गया है। संशोधित समय सारणी वाली ट्रेनों की सूची इस प्रकार है।

ट्रेन संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन का हटिया प्रस्थान 05:45 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13514 हटिया-आसनसोल एक्सप्रेस का हटिया प्रस्थान 14:55 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18622 हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का हटिया प्रस्थान 22:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल का हटिया प्रस्थान 09:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस का हटिया प्रस्थान 14:30 बजे होगा।

ट्रेन 12835 हटिया-सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्स का हटिया प्रस्थान 17:25 बजे।

ट्रेन 18637 हटिया-सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस का हटिया प्रस्थान 17:25 बजे।

ट्रेन संख्या 22837 हटिया-एर्णाकुलम एक्सप्रेस का हटिया प्रस्थान 17:25 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 12:55 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 20839 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 18:00 होगा।

ट्रेन संख्या 13403 रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 19:10 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 20:25 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18609 रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 20:45 बजे।

ट्रेन संख्या 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 20:45 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18619 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस का रांची प्रस्थान 21:05 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 20408 नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का रांची आगमन 08:20 बजे।

ट्रेन संख्या 18612 बनारस-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 04:20 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 12878 नई दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस का रांची आगमन 11:30 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18615 हावड़ा-हटिया क्रिया योग एक्सप्रेस का हटिया आगमन 6:50 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 12811 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 4:45 होगा।

ट्रेन संख्या 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस का हटिया आगमन 12:00 बजे होगा।

ट्रेन 18638 सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 12:15 बजे।

ट्रेन संख्या 22838 एर्णाकुलम-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 15:35 बजे होगा।

ट्रेन 12836 सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु-हटिया एक्स का हटिया आगमन 18:40 बजे।

ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 17:25 बजे होगा ।

ट्रेन 12826 आनंद विहार-रांची संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का रांची आगमन 05:15 बजे होगा।

ट्रेन 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 06:50 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 08:40 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13303 धनबाद-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 10:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13319 दुमका-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 12:55 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 22349 पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का रांची आगमन 13:05 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 14:35 बजे होगा।

ट्रेन 12818 आनंद विहार टर्मिनल-हटिया स्वर्ण जयंती एक्स का हटिया आगमन 17:15 बजे।

ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 21:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का रांची आगमन 22:55 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर-रांची एक्सप्रेस का रांची आगमन 12:35 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 19:30 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 18:30 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 13503 वर्धमान-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 17:50 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 18176 झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस का हटिया आगमन 17:40 बजे होगा।

# नये साल के जश्न में लाखों मुर्गे और बकरे होंगे हलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नव वर्ष 2025 के जश्न की तैयारी हर ओर जोर शोर से हो रही है। नये साल की खुशी में अमीर और गरीब सभी अपने स्तर से खुशियां मनाते हैं। नये साल की खुशी में होटल, रेस्टोरेंटों और पिकनिक स्थलों पर तो अच्छा खाना बनता है, लोग अपने घरों में भी अच्छा खाना बनाकर नये साल की खुशियां अपने परिवार मिल बांट कर मनाते हैं।

**करीब 15 हजार क्विंटल मुर्गा बिकने का अनुमान :** नये साल के आगमन पर बाजार में मटन-चिकन विक्रेताओं ने भी अच्छी तैयारी की है। हरमू के मटच-चिकन विक्रेता ने बताया कि अपनी दुकान में नये साल के लिए 1 क्विंटल मुर्गे बिक्री के लिया लाया हूं। करीब 50 से 60 बकरे भी नये साल में बिक्री के लिए लाये हैं। चिकन 160 रुपये केजी बिक रहा है जबकि मटन 750 से 800 रुपये केजी बिक रहा है। पूरे शहर में करीब 150 से 200 मटन-चिकन की दुकाने हैं। इस तरह 10 से 15 हजार क्विंटल मुर्गा का कारोबार होने की उम्मीद है। वहीं ढाई से 3 हजार केजी मटन के बिकने का अनुमान है।



| खाद्य सामग्री | कीमत | खाद्य सामग्री | कीमत |
|---|---|---|---|
| मुर्गा मीट | 200 रु. | लंबादान चावल | 175 रु. |
| मुर्गा फॉरम | 160 रु. | सोनाचूर चावल | 80 रु. |
| देसी मुर्गा | 500-550 रु. | बासमती राइस | 148 रु. |
| मटन | 700-800 रु. | खुशबुदार चावल | 75-110 रु. |
| मछली रेहू | 200-220 रु | महीनदाना चावल | 75 रु. |
| मछली कतला | 280-300 रु. | चुकंदर | 60 रु. |
| अंडा फॉरम दर्जन | 90 रु. | गाजर | 40-50 रु. |
| अंडा पेटी फॉरम | 1450 रु. | धनिया मुट्ठा | 10 रु. |
| अंडा ट्रे फॉरम | 210 रु. | नींबू जोड़ा | 10 रु. |
| अंडा फॉरम पीस | 8 रु. | खीरा | 60 रु. |
| देसी अंडा दर्जन | 180 रु. | टमाटर | 20-25 रु. |
| देसी अंडा पीस | 15 रु. | मूली | 20 रु. |
| इंडिया गेट चावल | 165 रु. | मटर | 70-100 रु. |
| कतरनी चावल | 65 से 92 रु. | प्याज | 35-50 रु. |

**घर-घर में बनेगा अच्छे से अच्छा खाना :** नये साल में घर-घर में बनेंगे पुलाव, बिरयानी, मटर पुलाव समेत कई तरह के स्वादिष्ट पकवान बनते हैं। किराना दुकान एवं सब्जी दुकानों में आम दिनों की तुलना में नये साल को लेकर इनकी बिक्री बढ़ गई है। सब्जी की दुकानों में बिक्री भी खूब हो रही है।

## नये साल के आगमन के जश्न में डूबी राजधानी



नये साल 2025 के आगमन को लेकर राजधानी रांची में धूम रही। 31 दिसंबर की रात सभी होटलों ओर रेस्तरां में राजधानी वासियों ने जमकर मस्ती की और एक दूसरे को नये साल की बधाई दी। कई होटलों में रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## जैक के अध्यक्ष और सचिव मिले सीएम से



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो एवं सचिव जयंत कुमार मिश्रा ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नववर्ष की मंगल कामनायें एवं बधाई दी।

## आइजी और डीआइजी ने लिया घटनास्थल का जायजा

# पंडरा लूट और फायरिंग मामले में अपराधियों के करीब पहुंची पुलिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पंडरा में सोमवार को हुए 13 लाख की लूट और गोलीबारी मामले में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पूरा पुलिस महकमा रेस हो चुका है। सीनियर पुलिस अधिकारी पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को रांची आईजी और डीआईजी खुद घटनास्थल पर पहुचे और एसआईटी में शामिल अफसरों को कई तरह के निर्देश जारी किए।

**अपराधियों की पहचान :** सोमवार को रांची के पंडरा इलाके में बैंक में पैसा जमा करने जा रहे युवक से 13 लाख की लूट और लूट का विरोध करने पर सुमित नाम के युवक को गोली मारने की घटना में शामिल अपराधियों की पहचान हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कांड में शामिल अपराधियों की पहचान की गई है। पुलिस की तरफ से एक अपराधी की तस्वीर भी जारी की गई और उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

मंगलवार को रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे के साथ सिटी एसपी और एसआईटी ने वारदात वाले जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी अखिलेश झा के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि चुकि अपराधियों की पहचान हो चुकी है, ऐसे में जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी कोई घटना ना घटे इसीलिए पुलिस अपनी जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभाए।



### पंडरा और रातू में एक गिरोह ने दिया है कांड को अंजाम

लूट और फायरिंग की वारदात की तफ्तीश कर रही एसआईटी को यह जानकारी मिली है कि पिछले सप्ताह रांची के रातू इलाके में 14 लाख रुपए की लूट और सोमवार को हुए 13 लाख की लूट को एक गैंग के द्वारा अंजाम दिया गया था। टीम को यह भी जानकारी मिली है कि दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधी पंडरा इलाके में ही किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस की टीम जिस घर में अपराधी ठिकाना बनाए हुए थे वहां भी पहुंच चुकी है। उस घर से भी पुलिस को कई तरह के सुराग हासिल हुए हैं।

**एसआईटी के साथ डीआईजी ने की मीटिंग :** मंगलवार को रांची डीआईजी अनूप बिरथरे ने पंडरा ओपी में ही कांड के खुलासे के लिए बनाई गई स्पेशल टीम के साथ बैठक की, इस बैठक में अब तक कांड में पुलिस के द्वारा क्या-क्या अनुसंधान किया गया है। इसके बारे में डीआईजी ने जानकारी ली, साथ ही जल्द से जल्द मामले को सुलझाने के लिए उन्हें कई तरह के निर्देश भी दिए।

**घायल से मिले आईजी :** वहीं गोलीबारी में घायल हुए युवक सुमित से रांची आईजी ने अस्पताल में जाकर मुलाकात की, बताया जा रहा है कि घायल सुमित अब खतरे से बाहर है। वहीं रांची डीआईजी ने लूट के शिकार हुए युवक से भी मुलाकात की और अपराधियों के बारे में जानकारी हासिल की।

**जल्द पकड़े जाएंगे अपराधी :** रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची पुलिस के सीनियर अधिकारियों ने मंगलवार को घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की खुद से जांच की है, जहां तक कांड में शामिल अपराधियों की बात है उनकी पहचान हो चुकी है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

**क्या है पूरी घटना :** घटना सोमवार के दोपहर सवा बारह बजे की है। उस समय आईटीसी के कैशियर सुमित पैसा जमा करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक के पास कार से पहुंचे थे। सुमित ने कार में पीछे की सीट पर रुपयों से भरा थैला रखा था। सुमित जैसे ही कार से उतरकर पीछे का दरवाजा खोले, इसी दौरान दो लोग हाथ में पिस्टल लेकर सीधे सुमित की कनपट्टी में सटा दिया और उन्हें कार के भीतर आधा घुसा दिया। इसके बाद मारपीट कर रुपयों से भरा बैग को छीन कर जाने लगे। तभी होटल मालिक जिनका नाम भी सुमित ही है वे अपराधियों के सामने आ पहुंचे और अपराधियों से उलझ गए। इसी दौरान अपराधियों ने सुमित को पेट में गोली मार दी। गोली लगने के बाद सुमित सीधे अपने एसेसीरीज की दुकान में पहुंचे और खुद से अपने पेट मे पट्टी बांधा। वहीं दूसरी तरफ घटना को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

# दिसंबर में सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए 117 कर्मी, भावभीनी विदायी दी गयी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दिसंबर, 2024 में मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुए 14 कर्मियों को विदाई दी गई। दिसंबर में कंपनी से कुल 117 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। मौके पर सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यालय से सेवानिवृत्त कर्मियों में डॉ. सुमन सिंह (सीएमएस, चिकित्सा विभाग), सुनील कुमार सिंह (महाप्रबंधक, खनन), संजय वर्मा (महाप्रबंधक, उत्खनन), जीवेन्द्र नारायण (मुख्य प्रबंधक, सीएमसी विभाग), राजीब कुमार (मुख्य प्रबंधक, पेंशन विभाग), मुकेश चंद्र नहाटा (मुख्य प्रबंधक, वित्त), ज्योतिष नारायण पांडेय (वरीय निजी सहायक, भूगर्भ विभाग), मुन्ना प्रसाद (कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रशासन), नीलम सुषमा कुजूर (मेट्रोन, गांधीनगर अस्पताल), राजा दासगुप्ता (मुख्य ड्राफ्ट्स मैन, पर्यावरण एवं वन विभाग), शाहीद परवेज (लेखापाल, चिकित्सा विभाग), बिमल राम (वरीय डीईओ, सेल्स एंड मार्केटिंग), बीरेंद्र कुमार सिंह (वरीय लिपिक, ईई विभाग) और बल मुकुंद दुबे (हेड सिक्यूरिटी गार्ड, सुरक्षा विभाग) शामिल हैं।

# पाइप लाइन शिफ्टिंग के कारण दो जनवरी को रुक्का डैम से पानी सप्लाई रहेगी बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** परियोजना निदेशक, जुडको लिमिटेड, रांची द्वारा पाईप लाइन शिफ्टिंग का कार्य रांची में किया जाना है। इस संबंध में उसके आग्रह पर रुक्का डैम, रांची से 2 जनवरी को पानी सप्लाई का कार्य बाधित रहेगा। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल, रांची के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर की ओर से मंगलवार को सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि जुडको के आग्रह पर 2 जनवरी को 24 घंटे के लिए पेयजलापूर्ति सेवा रांची में पूरी तरह से बाधित रहेगी। मतलब 3 जनवरी को भी आंशिक रुप से ही पेयजलापूर्ति सेवा शुरू हो सकेगी।

**5 लाख से अधिक लोगों पर असर**

गौरतलब है कि राजधानी के सभी डैमों की तुलना में 80% वाटर सप्लाई सुविधा रुक्का डैम से ही मिलती है। रुक्का डैम से पानी बूटी जलागार को 4 मुख्य पाइपलाइन से भेजा जाता है। यहां से गोंदा डिवीजन और हटिया डिवीजन को भी पानी सप्लाई किया जाता है। ऐसे में बूटी इलाके से देकर कांके, हटिया तक में पानी सप्लाई सेवाएं 2 जनवरी और 3 जनवरी को भी प्रभावित रहेंगी। कुल मिलाकर 5 लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

# रांची के री-डेवलपमेंट प्लान पर नगर निगम का मंथन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नए वर्ष में रांची शहर का पुनर्विकास एवं री-डेवलेपमेंट प्लान तैयार करने का विचार रांची नगर निगम का है। इसे लेकर मंगलवार को अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में निगम के पदाधिकारियों, इंजीनियर्स और कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इसमें शहर के सभी वार्डों की सड़क-नाली की स्थिति, साफ-सफाई व मार्गों को जाम मुक्त एवं अतिक्रमण मुक्त करने की दृष्टिकोण से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।



बैठक में नगर निवेशक राम बदन सिंह, निगम के सभी अभियंतागण, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों सीएम हेमंत सोरेन ने भी अधिकारियों संग हुई बैठक में राजधानी रांची के पुनर्विकास और लोगों को बेहतर सुविधाएं दिए जाने का निर्देश दिया था। इसी आलोक में निगम अपने स्तर से तैयारियों में जुटता दिख रहा है।

मौके पर संजय कुमार ने कहा कि निगम क्षेत्र को साफ रखना और विकसित करना हमसबों की प्राथमिकता है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन ससमय करें। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सड़कों की मरम्मत, मजबूतीकरण और चौड़ीकरण को लेकर सभी 53 वार्डों के लिए गठित टीमों द्वारा भौतिक निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन तैयार करें। हर वार्ड के टीम में एक कनीय अभियंता, एक सहायक अभियंता, संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर, जोनल सुपरवाइजर एवं नगर प्रबंधक व नगर अभियान प्रबंधक होंगे।

सभी मुख्य मार्गों, उनसे कनेक्टिंग पथों, गली-मोहौलों के सड़को तथा सभी छोटी-बड़ी नालियों का एक डिटेल्ड रिपोर्ट तैयार करे। इस रिपोर्ट के आधार पर नई योजनाएं तैयार करे। शहर के सड़कों और नालियों के प्रतिवेदन में इनकी वर्तमान स्थिति को 'अच्छा, औसत, खराब एवं बहुत खराब' के श्रेणी में डालें। उक्त प्रतिवेदन को तीन दिनों के भीतर तैयार करें ताकि इसे राज्य सरकार के मार्गदर्शन को लेकर अग्रसारित किया जा सके।

# झारखंड वॉर मेमोरियल में वाहन पड़ाव से परेशानी बढ़ी

**रांची।** राजधानी रांची के बुटी मोड़ पर स्थित झारखंड युद्ध स्मारक (झारखंड वॉर मेमोरियल) अब बसों और ऑटो का स्थायी पड़ाव बन गया है जबकि बुटी मोड़ चौक पर बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। बावजूद सभी बसें इस स्थान पर जाकर यात्री बैठाने लगे हैं। ऐसे में हर समय जाम लगा रहता है लेकिन पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस बस एजेंटों के साथ मिली हुई है, क्योंकि वो उनको रिश्वत के रूप में मोटी रकम देते हैं। स्थानीय निवासियों ने हर दिन लगने वाले जाम को लेकर आवाज उठायी है और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

## मेला परिसर में बच्चों के मनोरंजन के साथ बुजुर्गों के लिए भी कई सुविधाएं

# खादी मेला के 12वें दिन एक करोड़ रुपये का कारोबार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के 12वें दिन लगभग 11000 टिकट बिके एवं लगभग 13000 लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया। मंगलवार को महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगिकी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग एक करोड़ की रही है। महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे, परंतु महोत्सव घूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं है।

राजकीय शोक समाप्त होने के पश्चात नये साल में दो जनवरी से बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रतिदिन महोत्सव में आने वाले आगंतुकों के मनोरंजन के लिए कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पुनः प्रस्तुति की जाएगी। महोत्सव परिसर में चाक पैथकर पेंटिंग, लाह चूड़ी, सूती सुत कताई सूती सुत बुनाई, सिल्क सुत कताई सिल्क सुत बुनाई एवं खादी वस्त्र बनने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। महोत्सव में आने वाले आगंतुक एवं बच्चे स्वयं चॉक पर मिट्टी के बर्तन बनाना उत्साह के साथ सीख रहे हैं।



वहीं, साबरमती आश्रम के जीवंत प्रदर्शनी में बच्चों की भीड़ अधिक रहती है तथा गांधी जी से संबंधित चित्र प्रदर्शनी में बहुत सी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है। खुर्जा के सेरेमिक पाट के स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के सरेमिक कप प्लेट फ्लावर पॉट, अचार के मर्तबान, गमला इत्यादि की खूब बिक्री हो रही है। सहारनपुर के स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के सुंदर-सुंदर लकड़ी के फर्नीचर ,सोफा, झूला ,डाइनिंग टेबल ,कॉर्नर टेबल, इत्यादि की बिक्री हो रही है। साथ ही कश्मीर से आए एचजीआर स्टाल में केसर ड्राई फ्रूट चॉकलेट इत्यादि को लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है।

मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है। महोत्सव परिसर से में छोटे शिशुओं को स्तनपान कराने को बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माता को बहुत सुविधा हैं। महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की व्यवस्था की गई है।

# सीएमपीडीआइ के पांच सेवानिवृत्त सदस्यों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के पांच सदस्यों के सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें विनोद कुमार-महाप्रबंधक (ईएंडएम), अजय प्रसाद-महाप्रबंधक (उत्खनन), डा. तारिक सज्जाद-महाप्रबंधक (माइन इलेक्ट्रानिक्स), परमजीत सिंह-कार्यालय अधीक्षक एवं सत्येन्द्र कुमार चौबे शामिल हैं।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को मान-पत्र, प्रतीक चि? व शॉल देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे



कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी /सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को पौधे देकर कम्पनी की ओर से सम्मानित किया और सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक / विभागाध्यक्षगण ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि प्रलय भट्टाचार्यी, राजन रजक एवं सौविक मुखर्जी तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि अमृतांशु ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडम्बार ने किया।

